ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-05-2023

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-05-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-05-17	2023-05-18	2023-05-19	2023-05-20	2023-05-21
वर्षा (मिमी)	0.0	5.0	3.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	26.0	27.0	26.0	27.0	28.0
न्यूनतम तापमान(से.)	14.0	14.0	13.0	14.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	70	70	65
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	30	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6	6	8	8	6
पवन दिशा (डिग्री)	310	320	310	310	310
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	4	3	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 17-18 मई को गरज चमक व तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बूंदा-बांदी के साथ साथ हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 26.0 से 28.0 व 13.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0- 8.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम, दिशा से चलने का अनुमान है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं)और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| किसान भाइयो, मई माह मे खेत की मेड़ बन्दी कर जुताई कर के छोड़ दे। ग्रीष्मकालीन जुताई से खेत के कीटो एवं बीमारियो के लारवा एवं खरपतवार आदि के बीज नष्ट हो जाते है मेड़ बन्दी से वर्षा जल खेत में ही रहेगा तथा जल बहाव के साथ मिट्टी बहकर बाहर नही जाएगी।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 17-18 मई को गरज चमक व तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बूंदा-बांदी के साथ साथ हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	मध्यम उँचे क्षेत्रों में सिंचित दशा में रोपाई हेतु धान की नर्सरी माह के प्रथम पखवाड़े में रखे।
मक्का	किसान भाइयो, मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही मध्यम पर्वतीय क्षेत्रों में फसल की बुवाई माह के द्वितीय पखवाड़े में करें।
डाइन्चा	गेंहूँ एवं अन्य रबी फसलो की कटाई के बाद खाली खेत में हरी खाद हेतू ढैंचा तथा सनई की बुवाई करें।
लहसुन	किसान भाइयो, मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही तैयार लहसुन की फसल की खुदाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	किसान भाइयो, मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही तैयार प्याज की फसल की खुदाई करें।
शिमला मिर्च	किसान भाइयो, मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही पर्वतीय क्षेत्रों में यदि शिमला मिर्च, टमाटर, बैंगन की पौध का प्रतिरोपण 1 माह पूर्व हो गया हो तो यूरिया की टॉप ड्रेसिंग मौसम साफ होने के बाद करें साथ ही साथ नमी संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करें।
मिर्च	किसान भाइयों, मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर मिर्च फसल में किसी भी रसायन का छिड़काव कुछ समय के लिए स्थगित करें
टमाटर	किसान भाइयों, मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर टमाटर फसल में किसी भी रसायन का छिड़काव कुछ समय के लिए स्थगित करें

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	किसान भाई, गर्मी के मौसम में पशुशाला के आसपास की नालियो में मेलाथियॉन अथवा अन्य कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव समय समय पर कराते रहे। इस गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूय पिलाये। पशुओं में मेस्टाईटिस के लक्षण दिखाई देने पर इसका तुरंत इलाज करे।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	रबी फसलो की कटाई के बाद खाली खेत से इस मई माह में मृदा नमूना खेत से 10-15 विभिन्न स्थानो से लेना चाहिए। मिट्टी का नमूना 20 सेमी तक की गहराई से लेना चाहिए।